## कराटे चैंपियनशिप में नरसिंहपुर टीम की शानदार सफलता




**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** वाराणसी के बी .एच.यू. इनडोर स्टेडियम में यूनाइटेड शिटोरियु कराते एसोसिएशन इंडिया के द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें भारत के अलावा नेपाल,श्रीलंका एवं भूटान के 800से ज्यादा प्रतियोगियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में नरसिंहपुर की टीम ने भारत की तरफ से 6सदस्यीय टीम ने अपने कोच सिहान बृजेश घारू के नेतृत्व में भाग लिया एवं शानदार प्रदर्शन किया।

मायामणि लोधी ने कुमिते (फाइट)वर्ग में गोल्ड मेडल काता वर्ग में सिल्वर मेडल,महिमा लोधी ने कुमिते वर्ग में सिल्वर मेडल एवं काता वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल, प्रिंस्का लोधी ने अपने भार वर्ग के कुमीते वर्ग में सिल्वर ब्रॉन्ज मेडल एवं काता वर्ग में सिल्वर मेडल हासिल किया।

वहीं पुरुष वर्ग केकुमीते मे मंगलम लोधी ने ब्रांज मेडल एवं काता वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल, श्रेष्ठ श्रीवास्तव ने कुमिते वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल एवं काता वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल,हर्ष जाट ने कुमिते वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीते। जी,. एस. शोतोकन कराते एसोसिएशन नरसिंहपुर के सिहान बृजेश घारू द्वारा प्रशिक्षित हैं।

इस सफलता पर संजय नेमा डायरेक्टर एस,.एन. पी.एस.के संचालक, एड जगदीश पटेल,अमर नौरिया, मालक सिंह पटेल, अखिलेश साहू,श्रीमति मंजुलता लोधी,देवेंद्र श्रीवास्तव एवं मुकेश भूनकर आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### संस्कार का हुआ नेशनल शतरंज प्रतियोगिता में चयन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा रीजनल शतरंज प्रतियोगिता विगत दिनों सागर में सम्पन्न हुई, जिसमें जबलपुर रीजन के समस्त केंद्रीय विद्यालयों ने प्रतियोगिता दी। नरसिंहपुर से अंडर 17 आयु वर्ग में संस्कार सक्सेना ने इस प्रतियोगिता में 6 में से 5 मैच जीतकर द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुरक्षित किया। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हेतु संस्कार को रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गौरतलब है कि गत वर्ष आयोजित प्रतियोगिता में भी संस्कार ने नेशनल की सूची में अपना नाम दर्ज करते हुए राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की ओर से प्रतिनिधित्व किया था। संस्कार की इस उपलब्धि पर केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य एवं स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। संस्कार, सुप्रसिद्ध कवि गुरु सक्सेना के पोते एवं डॉ. विवेक सक्सेना के पुत्र हैं।



## इमलिया में मजदूर दिवस पर कार्यक्रम

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जन शिक्षण संस्थान द्वारा 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का आयोजन ग्राम इमलिया के प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीरज कुशवाहा ने बताया कि दुनिया भर में आज का दिन 1 मई मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

श्रमिकों के लिए एक दिन समर्पित करने का बड़ा कारण है। मजदूर दिवस मनाने का महत्व विभिन्न देशो में अलग अलग हो सकता है, लेकिन यह एक सन्देश देता है कि मजदूरों का योगदान समाज में महत्वपूर्ण है और उन्हें सम्मान व न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा है कि किसी भी राष्ट्र का भार मजदूर के कंधो पर टिका होता है।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक आशीष कुमार सेन द्वारा मजदूरों के हितो से जुडी शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी और साथ ही कामगारों को इन योजनाओ के माध्यम से लाभान्वित होने के तरीको से अवगत कराया।आपने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले सभी मजदूरो को नमन करने का दिन है। हर साल 1 मई का दिन भारत समेत दुनिया के कई देशो में मजदूर दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर के मजदूरों और श्रमिक वर्ग के लोगो को समर्पित है।

देश के विकाश में ऐसा कोई निर्माण नहीं है, जिसमे मजदूर वर्ग का परिश्रम का योगदान न हो। राष्ट्र की प्रगति और उन्नति में इनकी भागीदारी के बिना असंभव है। मजदूर दिवस का मकसद मजदूरों के सम्मान के अलावा उनकी एकता को मजबूत बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर उपस्थित श्रमिक साथियो का अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान से रोशन पटेल, मुकेश भरिया, कु. अंजलि ठाकुर, नरेंद्र वंशकार, आरती जाटव व श्रमिक साथी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सांगई में सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थी सम्मानित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में नये शिक्षण सत्र के प्रथम माह अप्रैल के अंतिम दिन सर्वाधिक उपस्तिथि वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों ने सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर अप्रैल माह में सर्वाधिक उपस्थिति वाली छात्राओं लक्ष्मी केवट एवं बबली केवट को शिक्षकों ने ट्राफी प्रदान की।माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्तिथि बढ़ाने के लिये प्रतिमाह सर्वाधिक उपस्तिथि वाले बच्चों को सम्मानित किया जाता है। सम्मानित हुए विद्यार्थियों को देखकर अन्य विद्यार्थी भी प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव, विवेक नाईक, सुरेश चौहान, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर एवं अतिथि शिक्षक रानू यादव मौजूद रहे।

### गाडरवारा, तेंदूखेड़ा मार्ग पर चलने वाले विशालकाय डंपरो से राहगीर भयाक्रांत

**गाडरवारा, देशबन्धु।** एनटीपीसी गाडरवारा से तेंदूखेड़ा की ओर प्रतिदिन एक सैकड़ा से ऊपर विशालकाय डम्फर राखड़ लेकर गाडरवारा से गुजरते हैं जो मार्ग पर चलने बाले फोर व्हीलर टू व्हीलर को माटी कूड़ा समझते हैं ना तो उन्हें साइड देते हैं और ना ही स्पीड कम करते हैं इन डम्फर चालकों को जरा सी भी मुरब्बत नहीं है। अन्य प्रांतो के आरटीओ रजिस्ट्रेशन पर दौड़ रहे डम्फरो की कभी ना जाँच होती है और ना ही इन्हे कभी समझाइस दी जाती है और तो और तेंदूखेड़ा में जब एनएच 45 पर आते हैं तो एन एच पर बनी सर्विस रोड पर रांग साइड चलकर जबलपुर तरफ निकलते हैं जिससे भी एक्सीडेंट होने का भय बना रहता है ओवरलोड चलने के कारण रोड भी कई कई जगह से टूट गई है। इन डम्फरो की स्पीड और मनमानी पर लगाम नहीं लगी तो शीघ्र कोई बड़ी दुर्घटना होगी अत: प्रशासन को अभी चेतना होगा जिससे राहगीरों की सुरक्षा बनी रहे।

### जल संरक्षण व संवर्धन को बढ़ावा देने पर हुई चर्चा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में परिषद की सेक्टर क्रमांक एक विकासखंड सांईखेड़ा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में परिषद की नवांकुर संस्था तूमडा के अध्यक्ष श्री राकेश खेमरिया ने कहा कि गांव- गांव जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण करना। गांवों में दीवार लेखन, साफ-सफाई, स्वच्छता, जल स्त्रोतों का गहरीकरण, जन जागरूकता के लिए रैली, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता और पौधारोपण के माध्यम से अभियान को सफल बनाने के लिए काम करने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी ली।

### राशन प्राप्त करने के लिए ई- केवायसी 15 मई तक कराना अनिवार्य

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्त करने वाले ऐसे समस्त हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों का ई- केवायसी 15 मई तक करना आवश्यक है। जिन हितग्राहियों व उनके परिजनों की 15 मई तक ई-केवायसी नहीं होगी, उन्हें माह जून 2025 से खाद्यान्न प्राप्त नहीं होगा। जिन सदस्यों/हितग्राहियों के 5 वर्ष तक के छोटे बच्चों और बुजुर्ग का बायोमेट्रिक सत्यापन/ईकेवायसी पीओएस मशीन से नहीं हो पा रहा हैं। वे एन्ड्राइड मोबाइल के मेरा केवाईसी एप के द्वारा गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करके ईकेवायसी कर सकते हैं।

## 257 का विवाह और 9 का हुआ निकाह

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में उपज मंडी प्रांगण करेली में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। अक्षय तृतीया के अवसर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 257 जोड़ों का विवाह व 9 जोड़ों का निकाह किया गया। मंत्री पटेल व अन्य अतिथियों ने मंच से प्रतीक स्वरूप हितग्राहियों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना के तहत हितलाभ वितरित किये। उन्होंने वर- वधु पर पुष्प वर्षा कर शुभाशीष प्रदान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पटेल ने कहा कि आज इस आयोजन में शामिल होकर इन सभी वर- वधु को शुभकामनायें देने के लिए आया हूँ।वर- वधु एवं उनके परिजनों को इस पावन अवसर पर हार्दिक बधाई आनंद के इतने बड़े वातावरण में शायद हम घर पर शादी- विवाह करते तो 100 से 200 लोग ही शामिल होते हैं, लेकिन यहां तो हजारों लोग शामिल हुए हैं। ये आनंद भी हमें विशेष रूप से अपने मानस पटल पर रखना होगा। यह एक ऐसा अवसर है करेली की धरती पर आज पूरे विधानसभा क्षेत्र के 266 वर- वधु परिणय सूत्र में बंध रहे हैं।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भील समाज की बेटियों के विवाह का काम शुरू किया। इसके बाद श्री चौहान प्रदेश के मुख्यमंत्री बनें और उन्होंने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना शुरू की।




### नवदम्पतियों को दिया आशीर्वाद

हमारी माता- बहनों में क्षमता की कमी नहीं है। गलतियां हमसे हुई हैं, हमने दहेज तक मांगना शुरू कर दिया, लेकिन भील समाज आदिवासी में लड़की की शादी होने पर दहेज नहीं देना पड़ता। कार्यक्रम में विधायक पटेल ने वर- वधु को शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्यादान का बहुत बड़ा महत्व है। बेटियां दो परिवारों को संभालती हैं, एक परिवार जहां जन्मी है और दूसरा परिवार जहां उसकी शादी हुई है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार और रामसनेही पाठक ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति नीलेश काकोड़िया, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अधिकारी- कर्मचारी, नागरिक और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे।

### लाड़ली लक्ष्मी उत्सव आज, मिलेगा सम्मान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधिगण लाड़ली बालिकाएं एवं उनके अभिभावक लाड़ली क्लब की अध्यक्ष एवं सदस्य शामिल होंगे। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम में लाड़ली बालिकाओं द्वारा स्वागत भाषण व सांस्कृति प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं एवं कॉलेज में प्रवेशरत बालिकाएं जिन्हें प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है उन्हें भी सम्मानित किया जायेगा। लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण- पत्र वितरित किये जायेंगे। लाड़ली क्लब की सदस्य बालिकाएं अपने अनुभव सांझा करेंगी। प्रत्येक स्तर पर कार्यक्रम का संचालन लाड़ली बालिका द्वारा किया जायेगा।

## आईपीएल में लग रहा है लाखों का सट्टा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** शहर में इन दिनों आईपीएल का क्रिकेट का सट्टा जमकर चल रहा है। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़ और कानून व्यवस्था की आदर्श स्थिति बनाए रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। आदतन बदमाशों पर नजर रखी जा रही है।

मुखबिर तंत्र सक्रिय है तो जगह जगह फ्लेग मार्च निकाले जा रहे हैं। इन सबके बावजूद हाईटेक बदमाशों पर पुलिस की इस सख्ती का कोई असर नहीं नजर आ रहा है।

शहर में रोजाना आईपीएच मैच पर लाखों का सट्टा खिलाया जा रहा है। खाईबाज अलग अलग स्थानों पर बैठकर मोबाइल के माध्यम से लोगों से लाखों रुपए के दांव लगवा रहे हैं।

क्रिकेट के जुनून और थोड़ा लगाकर ज्यादा कमाने के लालच में युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। पुलिस को आईपीएस सट्टा खाईबाजी की भनक तो है लेकिन खाईबाजों की लोकेशन पकड़ में नहीं आ रही है। यही कारण है कि यह काम मोबाइल पर बैखोफ होकर चल रहा है। इन मास्टर माइंडो के द्वारा एक आनलाईन आईडी दी जाती है जिसके माध्यम से खिलाड़ी को जोड़ते है और अपना स्वयं का आनलाइन एप बनाकर यह आईपीएल सट्टे का कारोबार चला रहे है।

आईपीएल खिलाने वाले शहर के खिलाड़ी आईपीएल खिलाने वाले यह मास्टरमाइंड खाईबाज खिलाड़ी का नेटवर्क इतना मजबूत है कि इन लोगों ने शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनका बड़ा जाल बिछा हुआ है और यह खिलाड़ी लोगों को बराबर मोबाइल से जोड़ते हैं और खेल खिलाते में मास्टरमाइंड हैं।

आईपीएल का खेल खिलने वाले यह खाईबाजी अपने पास मोबाइल लैपटॉप और कुछ नगद कैसे भी रखते हैं और खेलने वालों से आनलाइन संपर्क में रहते हैं।

खास बात यह है कि खाईबाज अलग अलग स्थानों पर बैठते हैं और अपनी लोकेशन बदलते रहते हैं ताकि मुखबिरी होने के बाद भी पुलिस से बचे रहें। मालूम हो कि एक टीम बनी हुई है जो शहर में आईपीएल सट्टे का कारोबार चला रहे है।

## सीएम राइज विद्यालय साईंखेड़ा में हुआ समर कैम्प का आगाज़

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष ग्रीष्मावकाश के दौरान विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन कराया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी सीएम राइज विद्यालय साईंखेड़ा में समर कैम्प की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों, पालकजनों तथा समाजसेवियों की उपस्थिति में सरस्वती पूजन की।

शुभारंभ मे छात्रा रक्षा एवं मेघा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों की थीम अनुसार समूह निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई। विदित हो कि इस वर्ष सात प्रकार की थीम अलग अलग स्तर के विद्यार्थियों के लिए तय की गई हैं। संगीत शिक्षक तरुण श्रीवास्तव, ग्रंथपाल रीतेश अवस्थी, खेल प्रशिक्षक आदित्य द्विवेदी द्वारा विभिन्न रुचियों के अनुरूप विद्यार्थियों को समूहवार विभिन्न विधाओं की आरंभिक जानकारी प्रदान की गई। समर कैम्प के प्रभारी भानुप्रताप राजपूत और सहायक लालसिंह लोधी ने बताया कि आगामी 15 दिवसों तक चलने वाले इस समर कैम्प में अभी तक सौ से अधिक बच्चों ने पंजीयन कराया है। जैसे जैसे गतिविधि बढ़ेंगी संख्या में बढोत्तरी होती जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न विधाओं में समाज में अपना स्थान बना चुके ख्यातिलब्ध कलाकारों, विशिष्ट व्यक्तित्वों और गणमान्य जनों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों के लिए समर कैम्प न केवल रोचक अपितु ज्ञानवर्धक भी बनाया जा रहा है।

संस्था प्राचार्य श्री विश्वकर्मा ने बताया कि अंग्रेजी के स्पोकन कोर्स के लिए भी एक बैच तैयार किया जा रहा है जिसमे अंग्रेजी की शुरुआती कठिनाई को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। साईंखेड़ा की विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री सीमा डोंगरे ने विभिन्न विद्यालयों में समर कैम्प अवलोकन की बात कही है तथा निर्देश दिए हैं कि समर कैम्प पूर्ण गुणवत्ता और मनोरंजक गतिविधियों से भरपूर होना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## अनुशासन ही सफलता की कुंजी : रजक

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का पालन बहुत जरूरी है जो विद्यार्थी शाला में अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करते हैं और अनुशासन में रहते हुए विद्या अर्जन करते हैं वह भावी जीवन में हमेशा सफल रहते हैं यश कीर्ति प्राप्त करते हैं । शासकीय सेवा निवृत्ति के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय सगरा करकबेल के शिक्षक इमरत लाल रजक ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पधारे जिला पंचायत सदस्य अरविंद पटेल, समाज सेवी गोपाल सिंह ठेमी, रामजी पटेल, अजय तिवारी, संकुल प्राचार्य रघुवीर सिंह, शिक्षक शरद नेमा और नवोदय के पूर्व छात्रों ने शिक्षक इमरत लाल के साथ बीते अनुभवों को साझा किया।

कार्यक्रम का संचालन सत्यम नेमा द्वारा किया गया। विदित हो कि इमरत लाल रजक के 34 वर्षीय कार्यकाल में 33बच्चें नवोदय विद्यालय हेतु चयनित हुए। ग्राम वासियों ने सेवा निवृत्त शिक्षक का जन अभिनन्दन किया।



इस अवसर पर नवोदयन ग्रुप सगरा द्वारा एक शाम, इमरत जी के नाम के तहत करकबेल में विशाल कवि सम्मेलन आयोजित किया। इस कवि सम्मेलन में ख्याति प्राप्त कवि शशिकांत मिश्र, सतीश सरस, अनामिका चौकसे, सत्यम नेमा, डॉ अनिल और वाह भाई वाह फेम आशीष सोनी, मेघा मिश्रा द्वारा काव्य पाठ किया गया। इस अवसर पर पधारे पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन जालम सिंह पटेल ने सेवा निवृत्त शिक्षक इमरत लाल रजक का अभिनंदन कर विचार व्यक्त किए कि शिक्षा और संस्कार देने वाले शिक्षक राष्ट्र और समाज को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। और उज्जवल भविष्य की ओर ले जाने में सहायक होते हैं ।

ग्राम सगरा, छीदामानी, कधरापुर, मलाह पिपरिया, करकबेल से शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए छात्र छात्राओं, अभिभावको के साथ शिक्षक वर्ग द्वारा इमरत लाल का स्वागत और विदाभिनंदन किया गया।

## एमएलबी स्कूल में 20 दिवसीय समर कैंप शुरू

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पी.एम.श्री. शास. एम.एल.बी. स्कूल द्वारा इस वर्ष के समर कैंप 2025 का शुभारंभ किया गया। यह कैंप 20 मई 2025 तक चलेगा। जिसमें बच्चों को ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं, रचनात्मक गतिविधियों और आउटडोर खेलों के माध्यम से आनंदमय अनुभव प्रदान किया जाएगा।

प्रमुख गतिविधियों में कला व शिल्प, नृत्य, विज्ञान प्रयोग, आउटडोर गेम्स, कहानी लेखन, संगीत, और आर्टिफिशीयल इंटेलिजेंस शामिल हैं। शुभारंभ की शुरूआत योग शिक्षा से की गयी जिसका संचालन योग शिक्षक डॉ. अंजिता वर्मा द्वारा किया गया । उसके पश्चात संयोगिता चौरसिया द्वारा छात्राओं को नृत्य सिखाया गया एवं उसके पश्चात श्री नारायण सोनी द्वारा गायन वादन की शिक्षा छात्राओं को दी।



उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्य आशा नेमा द्वारा की गयी। स्कूल की प्राचार्य श्रीमति आशा नेमा ने कहा, हमारा समर कैंप बच्चों को नई रुचियाँ खोजने, मित्रता बढ़ाने और गर्मियों में सक्रिय बने रहने के लिए प्रेरित करता है । हम चाहते हैं कि बच्चे कक्षा के बाहर भी सीखने का आनंद लें । विद्यालय की गायत्री सोनी, पुष्पा दुबे एवं संगीता श्रीवास्तव एवं समस्त समर्पित शिक्षकों की टीम और वालंटियर्स द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि बच्चों के लिए यह कैंप सुरक्षित, समावेशी और आनंददायक हो।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

